S.U.S. Govt. College, Sunam

Established in 1969, NAAC Accredited-Grade B (CGPA 2.72) **Affiliated to:** Punjabi University, Patiala **E-mail:**gcsunam@gmail.com, **College website:** www.susgcsunam.com, **Tel:** 01676-220134

Extension Activities

Extension Activities done in terms of impact & sensitizing students to social issues and holistic development

16. Event: Mega Blood Donation Camp

Organizing Unit: Industry Chamber Unit & Red Cross

Date: 26-10-2018

आयोजन | डॉक्टरों की अपील पर जिला इंडस्ट्री चैंबर ने लगाया रक्तदान कैंप, बड़ी संख्या में पहुंचे लोग

खून की मांग बढ़ी, 71 लोगों ने किया रक्तदान

संवाद सहयोगी, सुनाम ऊधम सिंह वाला (संगरूर): मरीजों के लिए खून की लगातार बढ रही मांग को गंभीरता से लेते हुए जिला इंडस्ट्री चैंबर की ओर से सुनाम इंडस्ट्री चैंबर के सहयोग से स्थानीय शहीद ऊधम सिंह सरकारी कालेज में खूदान कैंप लगाया गया। चैंबर के जिलाध्यक्ष घनश्याम कांसल व स्थानीय इकाई के अयक्ष मुनीष सोनी के नेतृत्व में लगाए कैंप में कांग्रेस की प्रदेश प्रवक्ता दामन बाजवा मुख्य मेहमान के रूप में शामिल हुईं। इस दौरान उद्योगपतियों ने रक्तदान देकर लोगों को खूनदान देने के प्रेरित किया। कैंप में 71 लोगों ने रक्तदान दिया। इस दौरान राजिंदरा अस्पताल की टीम ने कैंप में बताया कि डेंगू के प्रकोप के चलते इन दिनों खून की मांग लगातार बढ रही है। राजिंदरा अस्पताल में रोजाना दो सौ से ज्यादा यूनिट खून की जरूरत पड रही है। डेंगू के अलावा थैलेसीमिया से पीड़ित बच्चों, गर्भवती महिलाओं और इमरजेंसी या हादसे के शिकार

सुनाम में जिला इंडस्ट्री चैंबर द्वारा लगाए रक्तदान कैंप में रक्तदान करते सदस्य ● जागरण

मरीजों को भी खून की जरूरत पड रही है। लिहाजा इन दिनों में खून दान देने में सभी सहयोग दें। दामन बाजवा ने इलाके की समाज सेवी संस्थाओं से आह्वान किया कि ज्यादा से ज्यादा खूनदान देकर सेहत विभाग का सहयोग करें। इससे बडा कोई धर्म या पुण्य नहीं है। सभी रक्तदानियों का विशेष रूप से सम्मान किया गया। इस अवसर पर कौंसिल की पूर्व अध्यक्ष गीता शर्मा, प्रो विजय मोहन, प्रिंसिपल सुखबीर सिंह, एनएसएस प्रभारी डॉ. रमनदीप कौर, वाइस प्रिंसिपल डॉ. परमिंदर सिंह, प्रो निरदीप सिंह, प्रो मुख्तियार सिंह, चमकौर सिंह, राजेश गर्ग, जगजीत सिंह जौड़ा, प्रभात जिंदल, भारत भूषण, नगर पार्षद वादविंदर निर्माण, नगर पार्षद डॉ. अमित शर्मा व विजयपाल गीतु, नगर पार्षद ऋषिपाल, प्रो अश्वनी गोयल, डॉ. विकास, सतिंदर कौर, स्वर्णजीत कौर, राजबीर कौर, गगनदीप सिंह आदि उपस्थित थे।